उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं का राजस्थान शैक्षिक पर्यटन संपन्न।



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा, अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग की छात्राओं के 35 सदस्यीय दल ने राजस्थान का शैक्षणिक पयर्टन संपन्न किया। इतिहास विभाग की प्रमुख डॉ मांडवी राठौर के नेतृत्व में गए इस दल ने अपनी चार दिवसीय यात्रा में जयपुर ,अजमेर, पुष्कर एवं चित्तौड़गढ़ के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।।वीरता ,त्याग ,जौहर और राजपूत नारियों के शौर्य के प्रतीक चित्तौड़ गढ़ के दुर्ग में रानी पद्मिनी के जौहर स्थल को देखकर छात्राएं रोमांचित हो उठीं।यात्रा में छात्राओं ने विजय स्तंभ, राणा कुंभा महल कीर्ति स्तंभ मीराबाई मंदिर गौमुख कुंड कालिका माता मंदिर, फतेह प्रकाश महल, रानी पद्मिनी महल, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह,अढ़ाई दिन का झोपड़ा, आना सागर झील, जल महल, जयगढ़ का किला, आमेर का किला,जगत शिरोमणि मंदिर, सिटी पैलेस,हवा महल ,ब्रह्मा जी का मंदिर, आदि ऐतिहासिक ,धार्मिक स्थलों को देखा। छात्राओं ने बापू बाजार में राजस्थानी वस्तुओं की खरीदारी की तथा चोखी ढाणी में राजस्थान के विभिन्न भोजन,कलाएं,नृत्य, कठपुतली नृत्य , कालबेलिया नृत्य, घूमर , आदि विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं को देखते हुए ऊंट और हाथी की सवारी का भी आनंद उठाया।

एक नज़र में

बहोरिकपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, भक्त हुए भावविभोर।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

बहोरिकपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, भक्त हुए भावविभोर।

संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा अंबेडकर नगर। भीटी तहसील के अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बहोरिकपुर ग्राम सभा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक पंडित विनय तिवारी जी महाराज अपने मुखारविंद से भक्तों को अमृतमयी कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा के दौरान अजामिल प्रसंग और ध्रुव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भक्तिमय वातावरण में कथा का आनंद लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं।